SENTIA THE GLOBAL SCHOOL

CLASS –VI **PT-1 REVISION PAPER** **SUB: HINDI**

SECTION A

(1) गद्यांश –

शरीर को स्वस्थ या निरोग रखने में व्यायाम का कितना महत्व है, इस विषय पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। आज की भाग-दौड़ से भरी जिंदगी ने मनुष्य को इतना व्यस्त कर दिया है कि वह अपने लिए समय निकालना भूल ही गया है वह यह भूल गया है कि वह इस भाग - दौड़ का हिस्सा तब तक है, जब तक उसका शरीर स्वस्थ है जो व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखता, वह अपने लिए रोग बुढ़ापे तथा मृत्यु का दरवाजा खोलता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए जहाँ एक ओर संतुलित भोजन स्वच्छ जल तथा शुद्ध वायु की आवश्यकता है। वहीं दूसरी ओर व्यायाम का भी अपना महत्व है। नियमित व्यायाम करने वाले व्यक्ति में अद्भुत शक्ति आ जाती है। उसका अपने सारे शरीर पर अधिकार हो जाता है। अस्वस्थ व्यक्ति आलसी दुष्ट एवं क्रोधी अर्थात दुर्गुणों का भंडार होता है। इसके विपरीत स्वस्थ व्यक्ति का मुख चमकता रहता है।

(2) गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों को उत्तर दो -

प्र०= आज की भाग - दौड़ भरी जिंदगी का आदमी पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

प्र० = स्वास्थ्य का ध्यान न रखने का क्या परिणाम हो सकता है?

उ०= शरीर को स्वस्थ रखने के लिए क्या-क्या आवश्यकता है?

प्र०= व्यायाम करने से व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है?

प्र०= गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

---

② दीर्घ प्रश्नो के उत्तर दीजिए -

प्र०= निकोबारियो ने बरतनो की जाँच क्यो और कैसे की?

प्र०= मिट्टी अविनश्वर कैसे है?

प्र०= सभी तर्को मे कोयले का कौन सा तर्क आपको सबसे अधिक प्रभावित करता है और क्यो?

प्र०= केनो को समुद्र में छोड़ने के पीछे क्या उद्देश्य था?

प्र०= घने कुहरे पर मंद मुसका रही है - का भाव स्पष्ट करें।

प्र०= दादाजी ने ताल के बारे मे क्या-क्या जानकारी दी?

---

③ लघु प्रश्नो के उत्तर दीजिए

प्र०= हीरा स्वय को कोयले का सहोदर क्यो नही मानना चाहता?

प्र०= अंबर और अवनी सम कैसे हो जाते है?

प्र०= कोयला गरीबो की जरूरतें कैसे पूरी करता है?

प्र० दादाजी ने मेंढ़को के भोजन के विषय में क्या बताया ?

प्र० किसके अधिकार को मान्यता देनी चाहिए ? और क्यों (किस्सा बरसाती ताल का पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।

प्र० ' उनचास मेघ, उनचास पवन' के माध्यम से कवि का संकेत किस ओर है ?

(खण्ड - ख)

(4)

पत्र-लेखन

Q. 1 जन्मदिन के उपहार के लिए चाचाजी को धन्यवाद पत्र

Q. 2 गरमी की छुट्टियों में घर आने का निमंत्रण देते हुए सखी को पत्र लिखें।

(5) प्रत्येक शब्द के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो

वर

अर्ध 

पद 

गुरु 

⑥ उत्सर्ग से शब्द बनाइए

दुर् ___ ___ प्र ___ ___

अ ___ ___ अप ___ ___

⑦ प्रत्यय से शब्द बनाइए

आई ___ ___ ता ___ ___

आलु ___ ___ वान ___ ___

⑧ तत्सम और तद्भव शब्द चुनकर लिखिए।

(प्रयोग, वानर, आँसू, धरती, पूर्वि, रात)

तत्सम ___ ___ ___

तद्भव ___ ___ ___

⑨ पर्यायवाची शब्द लिखो –

पेड़ ___ ___ फूल ___ ___

सूर्य ___ ___ नदी ___ ___

विलोम शब्द लिखो

आदर ____ नया ____

स्वतंत्र ____ शांति ____

पसंद ____ अंदर ____